प्रादेशिक समाचार
22.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के पहले दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 4296 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि यह अनुपूरक बजट राज्य के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

सदन में आज शोक प्रकाश के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य सदस्यों ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन समेत अन्य दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। शोक प्रकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही सोमवार दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

***************

शोक प्रकाश में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने गुरुजी की संघर्ष गाथा और जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की भी मांग की।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के गया से झारखंड कोडरमा से बिहार के वैशाली के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायी। इस दौरान उन्होंने लगभग 13 हज़ार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा नीति को एक नई दिशा दी है।

***************

रांची सीआईडी की विशेष अदालत ने बोकारो के तेतुलिया लैंड स्कैम केस के आरोपी शैलेश सिंह के खिलाफ वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद सीआईडी शैलेश सिंह की गिरफ्तारी की कोशिश में लग गया है।

***************

हजारीबाग जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समाहरणालय भवन परिसर से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव ने संयुक्त रूप से रथ को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया है।

***************

गुमला में प्रधानमंत्री आवास योजना  ग्रामीण और पीएम जनमन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

***************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल भी राज्य के उत्तर पश्चिम जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*******